यूरिया मोलासिस मिनरल ब्लॉक- एक पूरक आहार

By Kisan Kheti Ganga

जुगाली करने वाले पशुओं के पेट में एक विशेष थैली होती है जिसमें करोड़ों की संख्या में लाभदायक जीवाणु होते हैं, जो आहार के रेशों को पचाने में सहायता करते हैं। हरे चारे की कमी के समय जब पशु को सूखा चारा देते है, तब इस ब्लॉक के पोषक तत्त्व जीवाणुओं की बढ़ोत्तरी में सहायक होते हैं जिससे पशुओं की पाचन क्षमता अच्छी रहती है।
.

ब्लॉक खिलाने के लाभ

- पशु सूखा चारा अधिक खाता है और बरबादी भी कम करता है
- पशु की पाचन शक्ति अच्छी होती है।
- दुग्ध उत्पादन एवं उसका फैट प्रतिशत भी बढ़ता है।
- यह खनिज तत्त्वों का एक अच्छा स्रोत हैं।
- सूखे चारे के साथ ब्लॉक चटाने से पशु को निर्वाह भर की आवश्यकता पूरी की जा सकती है।